प्रेषक,

प्रबंध निदेशक,
उ०प्र० आउटसोर्स सेवा निगम,
लखनऊ।

S.D. 7/8/2(
D.D. ..../..../....

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त विभागाध्यक्ष,
   उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: 54/डी0जी0यू0पी0सी0ओ0एस0/2026, लखनऊ: दिनांक:28 जुलाई, 2026

विषयः– आउटसोर्स कर्मियों से सम्बन्धित डाटा फीडिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

विभिन्न शासकीय विभागों/संस्थाओं द्वारा आउटसोर्स कर्मियों की सेवाएँ लिए जाने की प्रक्रिया को नियमित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने हेतु उ0प्र0 आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया गया है।

2. आउटसोर्सिंग सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों को सुनियोजित किए जाने हेतु यह आवश्यक है कि विभिन्न स्तरों पर सेवायोजित आउटसोर्स कर्मियों का उपलब्ध डाटाबेस संकलित किया जाए तथा प्रत्येक कार्यालय स्तर पर इन गतिविधियों के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित कर दिया जाए, जो निगम से समन्वय स्थापित करते हुए सचिवालय प्रशासन अनुभाग–13 (विविध), उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–3/2025/205/बीस–13–वि–2025, दिनांक 19.09.2025 के अनुरूप आउटसोर्स कर्मियों के हित लाभ एवं संरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित कर सकें।

3. उपरोक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत अनुरोध है कि प्रत्येक कार्यालय के स्तर पर एक वरिष्ठ अधिकारी यथाः–शासन स्तर पर विशेष सचिव, निदेशालय स्तर पर अपर निदेशक, मण्डल स्तर पर संयुक्त विकास आयुक्त एवं जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करते हुए इसकी सूचना संलग्न प्रारूप–'A' पर फीड कराने का कष्ट करें। इसी प्रकार कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों के सम्बन्ध में सूचना संलग्न प्रारूप–'B', 'B-1' पर फीड कराने का कष्ट करें।

4. नीचे दिए गए URL Open कर अथवा पत्र पर अंकित QR कोड को स्कैन कर डाटा फीडिंग सम्बन्धी कार्य किया जा सकता है।

https://upcos.org/department/legacy-data

Scanned with OKEN Scanner

5 किसी भी संशय या सहायता हेतु निम्नलिखित से सम्पर्क किया जा सकता है :–

| क्र0सं0 | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदनाम | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री चन्द्रमणि चंचल | कंसलटेंट | 9182465664 |
| 2 | श्री अमरदीप शर्मा | प्रोजेक्ट मैनेजर | 8004200274 |
| 3 | श्री विवेकानन्द शुक्ला | प्रोजेक्ट मैनेजर | 9838354188 |
| 4 | श्री जीतेन्द्र सिंह | वरिष्ठ सहायक | 7275787585 |

उपरोक्त कार्य शासन की प्राथमिकता विषयक होने के कारण अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जिसके दृष्टिगत कृपया शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्त सूचनायें 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

( अमृता सोनी )
प्रबंध निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उ0प्र0 शासन को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

( अमृता सोनी )
प्रबंध निदेशक।

Scanned with OKEN Scanner